हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव सम्पन्न हुआ - परिणाम मतों की गिनती के बाद घोषित किया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में स्वरोजगार 2017-18 में 52 से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी ने विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की माता के निधन और गुरुग्राम में निर्माणाधीन साइट पर हुए हादसे में 7 लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।
- जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अतुल्य भारत कार्यक्रम के तहत लोक नृत्य महोत्सव का आगाज हुआ ।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने जींद जिले के झमोला परीक्षा केंद्र पर 28 फरवरी को हुई 10वीं की हिंदी की परीक्षा रद्द की।

------------------------

हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए मतदान शाम को संपन्न हो गया। मतों की गिनती के बाद कुछ देर में परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। । चुनाव के बाद कांग्रेस ने अनिल विज और BJP ने भरत-परमवीर के वोटों की गोपनीयता भंग होने की शिकायत की। कांग्रेस के पास 37 सीटें हैं और अपने उम्मीदवार को भेजने के लिए उसे 31 वोटों की ज़रूरत है। इंडियन नैशनल लोकदल के विधायकों ने मतदान में भाग नहीं लिया।भारतीय जनता पार्टी के

पूर्व सांसद संजय भाटिया और कांग्रेस के  कर्मवीर बौद्ध और एक निर्दलीय उम्मीदवार मिला  कर कुल तीन उम्मीदवार चुनाव  मैदान में हैं। BJP ने निर्दलीय उम्मीदवार को भी समर्थन दिया। सतीश नांदल एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज पहला वोट डाला। काबिलेगौर है कि कांग्रेस के  विधायकों को शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश ले जाया गया । पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि इस कदम का मकसद विधायकों को एकजुट रखना और क्रॉस-वोटिंग के किसी भी खतरे को खत्म करना था। कांग्रेस नेता और सांसद वरुण चौधरी ने दावा किया कि BJP ने विधायकों को फोन किया।

------------------------

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में स्वरोजगार 2017-18 के 52 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ श्रमिकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि दिहाड़ी मजदूरों की औसत दैनिक मजदूरी 2017-18 के 295 रुपये से बढ़कर अब 418 रुपये हो गई है। श्री मांडविया ने कहा कि नए श्रम संहिता के अनुसार न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है और सभी राज्यों को इससे अधिक मजदूरी का भुगतान करना

*अभी लेबर कोड में हमने प्रावधान करा है आज तक मंथली सैलरी मिलने वाले लोगों को भी एप्पोइंटमेंट लैटर नहीं मिलता था लेकिन अभी लेबर कोड लागु होने से जिसको मंथली सैलरी मिलती है उसको कंपलसरी अपॉइंटमेंट लेटर मिलेगा, अपॉइंटमेंट लेटर मिलने से उसको सोशल सिक्योरिटी मिलेगी। उसकी*

*<u>जिम्मेवारी भी फिक्स हो जाएगी। मिनिमम वेज और सैलरी भी फिक्स हो जाएगी और सोशल सिक्योरिटी भी फिक्स हो जाएगी ।</u>*

-------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सदन में शोक प्रस्ताव पढ़ते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की माता श्रीमती प्रेम कौर कल्याण के निधन तथा गुरुग्राम में एक निर्माणाधीन साइट पर हुए हादसे में 7 लोगों की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।मुख्यमंत्री ने इसके अलावा जींद जिले के सफीदों क्षेत्र में हुए हादसे में महिला श्रमिकों की मृत्यु पर भी गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्□ा ने भी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी पार्टी की ओर से दिवंगतों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

-------------------------

अतुल्य भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आज से तीन दिवसीय लोक नृत्य महोत्सव का आगाज हो गया। 18 मार्च तक आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ.के.सी शर्मा किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के प्रयागराज स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान

में किया गया है।इस लोक नृत्य महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकार अपनी पारंपरिक लोक नृत्य शैलियों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ देंगे।

इस आयोजन का उद्देश्य भारत की समृद्ध लोक परंपराओं, जनजातीय संस्कृति और विविध सांस्कृतिक धरोहर को एक मंच पर प्रस्तुत करना है।

------------------------

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने जींद जिले के झमोला स्थित परीक्षा केंद्र पर हुई अनियमितताओं के बाद 28 फरवरी को आयोजित हुई 10वीं की हिंदी परीक्षा को रद्द करने के आदेश जारी किए हैं। बोर्ड ने न केवल परीक्षा रद्द की है, बल्कि दोषियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। काबिलेगौर है कि 28 फरवरी को जब बोर्ड की सतर्कता टीम ने झमोला के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया, तो वहां भारी अनियमितताएं पाई गई थीं। जांच के दौरान स्कूल के सेवादार के मोबाइल फोन में प्रश्नपत्र का हल मिला। इसके अलावा, केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप और नकल की अन्य शिकायतें भी बोर्ड के संज्ञान में आईं। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि हिंदी की परीक्षा में पारदर्शिता की कमी और नियमों के उल्लंघन के कारण यह निर्णय लिया गया है।

-------------------------

पिहोवा में सरस्वती तीर्थ पर आज चैत्र चौदस मेला शुरू हो गया। पिहोवा के उपमंडलीय मजिस्ट्रेट अनिल कुमार दून ने मेले का शुभारंभ किया। मेला 16 से 19 मार्च तक चलेगा।चैत्र चौदस मेले के दौरान पिंडदान का विशेष महत्व है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पर पितृ शांति की पूजा अर्चना के लिए

पहुंचते हैं।श्री अनिल कुमार दून ने आज उप पुलिस अधीक्षक के साथ मेले में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

-------------------------

आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया। यह दिन मनाने का मूल उद्देश्य गंभीर और संक्रामक बीमारियों से लोगों  का बचाव करना है।आज के दिन को लेकर राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र अहलावत ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कहा –

उन्होंने बताया कि हरियाणा में राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार 12  संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए निशुल्क  टीकाकरण किया जाता है। हाल ही में एचपीवी टीकाकरण भी शुरू किया गया है जो 14 से 15 साल की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाता है।

-------------------------

रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2025 में ली गई बीबीए, बीबीए द्वितीय, बीबीए (सी ए एम ) और बीबीए ( बी ई ) के छठे सेमेस्टर (री-अपीयर) की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है।विद्यार्थी अपना परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

-------------------------

मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल  तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व  बल्लभगढ़ क्षेत्र के 28 वर्षीय मुक्केबाज लोकेश चौधरी करेंगे। डीग गांव निवासी लोकेश के कोच अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज डॉक्टर राजीव गोदारा ने बताया कि भारतीय टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंगोलिया के लिए रवाना हो गई है।